**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–**10 जुलाई** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांदा में 710 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 229 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास। कहा– बुंदेलखंड क्षेत्र को प्रदेश के सबसे बड़े औद्योगिक शहर बीडा के रूप में विकसित कर रही है सरकार।
- श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावे में अनियमितता के मामले में पुलिस कार्रवाई तेज। आठ आरोपियों सहित संदेह के दायरे में आये परिजनों के 30 बैंक अकाउंट किए गए सीज।
- राष्ट्रीय महिला आयोग ने आईवीएफ केन्द्रों को नियंत्रित करने वाले नियमों और कानूनों की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति का किया गठन।
- प्रदेश के कई जिलों में भारी वर्षा से जनजीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने कल तक के लिए जारी किया है बारिश का ऑरेंज अलर्ट।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल बांदा में सात सौ दस करोड़ रुपए से अधिक लागत की दो सौ उन्तीस विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, चेक और आयुष्मान कार्ड वितरित किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बुंदेलखंड क्षेत्र को यूपी के सबसे बड़े औद्योगिक शहर बीडा के रूप में विकसित कर रही है।

**मैं उन्हें आश्वस्त करता हूं कि हमारे बुंदेलखंड के विकास के लिए यहां की विरासत के संरक्षण के लिए जो भी प्रोजेक्ट शासन के संज्ञान में आएगा उसको आगे बढ़ाकर के बुंदेलखंड को धरती का स्वर्ग बनाने का काम हम लोग करेंगे। आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे।**

मुख्यमंत्री ने बांदा में वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा का अनावरण भी किया।

**********

अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावे में अनियमितता के मामले में पुलिस की विशेष टीम ने जांच तेज कर दी है। पुलिस ने आठों आरोपियों सहित संदेह के दायरे में आए उनके परिजनों और रिश्तेदारों के करीब तीस बैंक अकाउंट सीज कर दिये। साथ ही पुलिस कुछ अन्य लोगों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा अब ऐसी व्यवस्था की जा रही है, जिससे भविष्य में कोई अन्य घटना दोबारा न हो सके।

**इस बात का विश्वास रखिए कि हम लोग इस कार्य को अब अधिक दक्षता के साथ करेंगे। किसी पर निर्भर नहीं रहेंगे और जब यहां का सीईओ नियुक्त हो जाएगा, उसके पश्चात तो सारी कार्य पद्धति में एक निखार आएगा।**

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन के लिये जारी किये जाने वाले वीआईपी पास की व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। विशेष पास की नई रिफरेंस आईडी अभी तक जारी नहीं की गई हैं। ऐसे में पहले से जारी किये गये विशेष पास मान्य किये जा रहे हैं, लेकिन नये पास अब नई रिफरेंस आईडी जारी होने के बाद ही बन सकेंगे।

**********

केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कल मिर्जापुर में पार्टी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की। मीडिया से बात करते हुए श्री चौधरी ने अयोध्या के श्रीराम मंदिर में चढ़ावे की चोरी के मामले पर कहा कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई होगी।

**मंदिर बनने के बाद उसका एक प्रभावित ट्रस्ट बना हुआ है। ट्रस्ट की ही देखरेख में होता सरकार का उसमें कोई इंटरफेरेंस नहीं होता है और निश्चित तौर से जो भी ट्रस्ट का हेड है वो भी जवाब दे होगा और जो जांच में दोषी पाया जाएगा निश्चित तौर से कड़ी से कड़ी सजा दी।**

**********

'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को लेकर गठित संयुक्त संसदीय समिति आज से पन्द्रह जुलाई तक लखनऊ दौरे पर रहेगी। एक रिपोर्ट–

**इस अध्ययन दौरे का उद्देश्य क्षेत्रीय स्तर पर संवाद की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना तथा विभिन्न हित धारकों के साथ व्यापक विचार–विमर्श करना है। पीपी चौधरी की अध्यक्षता में गठित संयुक्त संसदीय समिति इस अध्ययन दौरे के दौरान उच्च संवैधानिक पदाधिकारियों, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों, राज्य प्रशासन, वित्तीय एवं शैक्षणिक संस्थानों, शिक्षाविदों, राज्य बार परिषदों, संबंधित उच्च न्यायालयों के अधिवक्ता संघों, विभिन्न पेशेवर संगठनों तथा नागरिक समाज के प्रतिनिधियों के साथ परामर्श करेगी। समिति**

**के अध्ययन दौरे में विभिन्न हितधारकों के साथ व्यापक और सार्थक विचार–विमर्श होने की अपेक्षा है। आकाशवाणी लखनऊ से मुमताज अली की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

**********

उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा–दो हजार छब्बीस की प्रोविजनल उत्तरकुंजी को लेकर अभ्यर्थी चौदह जुलाई तक ऑनलाइन आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने यह जानकारी दी।

**********

राष्ट्रीय महिला आयोग ने आई.वी.एफ केंद्रों को नियंत्रित करने वाले नियमों और कानूनों की समीक्षा के लिए एक उच्च–स्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। इस समिति का गठन सहायक प्रजनन प्रौद्योगिकी – एआरटी क्षेत्र में अनियमितताओं के कारण किया गया। यह समिति आईवीएफ क्लीनिक, एआरटी केंद्रों और गैमीट बैंकों को नियंत्रित करने वाले नियामक ढांचे और संबंधित कानूनों की व्यापक समीक्षा करेगी। दिल्ली उच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश, न्यायमूर्ति आशा मेनन इस विशेषज्ञ समिति की अध्यक्षता करेंगी।

**********

प्रदेश सरकार की ओर से बारह जुलाई को पैंतीस करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। इस महाअभियान के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में 'एक पेड़ मां के नाम' लगाएंगे। प्रदेश के वन राज्य मंत्री अरुण सक्सेना ने कहा कि सरकार हरित क्षेत्र बढ़ाने को लेकर प्रतिबद्ध है।

**35 करोड़ का लक्ष्य बड़ा है लेकिन उत्तर प्रदेश और माननीय योगी जी की सरकार और यहां की जनता के लिए बहुत बड़ा नहीं है। हमने पिछली बार भी 35 करोड़ का टारगेट था तो हमने 36 करोड़ पेड़ लगाए थे एक ही दिन में तो हमारे लिए 35 करोड़ का लक्ष्य बड़ा जरूर है लेकिन बहुत बड़ा नहीं है। हम इससे कहीं ज्यादा पेड़ लगाएंगे।**

**********

प्रदेश के कई जिलों में कल से रूक–रूक कर बारिश हो रही है। कुछ जिलों में भारी वर्षा के चलते जनजीवन प्रभावित हुआ है। कल लखनऊ, फर्रुखाबाद, मुजफ्फरनगर, संभल, नोएडा, हापुड, अयोध्या, चित्रकूट, बिजनौर, और बस्ती सहित कई जिलों में मध्यम से भारी वर्षा रिकॉर्ड की गयी। बारिश और जलभराव के चलते संभल, गाजियाबाद, हापुड और मुजफ्फरनगर में जिला प्रशासन ने स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया।

उधर, अमरोहा में बारिश और बैराज से पानी छोड़ने के बाद गंगा नदी का जलस्तर बढ़ गया है, जिससे कई गांवों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। पीलीभीत जिले में कई दिनों से हो रही वर्षा के कारण शारदा नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है। नदी के बहाव क्षेत्र में जलभराव से फसलो को काफी नुकसान पहुंचा है। बाढ़ की आशंका को देखते हुए वहां बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं। लगातार बारिश के कारण गंडक नदी कुशीनगर के खड्डा में खतरे के निशान के करीब पहुंच गई है।

लखनऊ स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि कल तक के लिए प्रदेश में कई स्थानों पर भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

***वेस्ट यूपी में हेवी टू वेरी हेवी रेन के साथ कहीं–कहीं एक्सट्रीमली हेवी रेन हुई है और अगर आगे आने वाले दिनों में बात करें तो यह उत्तरोत्तर मध्य उत्तर प्रदेश और उसके बाद पूर्वी उत्तर प्रदेश की ओर आगे बढ़ेगा यद्यपि यह उत्तरोत्तर कमजोर होता जाएगा परंतु इसके प्रभाव से सेंट्रल यूपी की तरफ आने पर और थोड़ा कमजोर होने पर वर्षा की मात्रा में थोड़ी कमी आएगी लेकिन भारी से बहुत भारी वर्षा का दौर पश्चिम उत्तर प्रदेश में 10 जुलाई को भी जारी रहेगा और इसके बाद 11 जुलाई को पश्चिम उत्तर प्रदेश में इसमें व्यापक तौर पर कमी आ जाएगी और तराई इलाकों में यह कहीं–कहीं भारी वर्षा तक सीमित हो जाएगा।***

**********

सोनभद्र जिले के पीपरी थाना क्षेत्र में मड़ैया गांव के पास कल शाम एक ट्रक की चपेट में आ जाने से बाईक सवार तीन युवकों की मौत हो गयी।

**********